>

Title: Need to construct proper approach roads in rural areas of the country to enable children to reach school in time.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): महोदय, आज लगभग 65 प्रतिशत देश के निवासी देहाती इलाकों में रहते हैं। आज भी गांवों के अंदर की ज्यादातर सड़कें कच्ची हैं। वहां नाली नहीं है या पानी का निकास सही नहीं है या ढलान सही नहीं है, तो वहां कीचड़ हो जाता है।

22.00 hrs.

जब स्कूल के सामने की सड़क या आस-पास की सड़क कीचड़ वाली सड़क होती है तो छात्रों और बच्चों को वहां पहुंचने के लिए बहुत दिक्कत आती है। खासकर जब बरसात का मौसम होता है तो दिक्कत ज्यादा होती है। मैं सदन के सामने यह बात रखना चाहता हूँ और सरकार से कहना चाहता हूँ कि ऐसी कोई न कोई योज़ना बने या कोई पहल हो ताकि गांवों की सड़कें पक्की हों और खास कर स्कूलों के आस-पास की सड़कें पक्की बन सकें।